**29/08**/202**5**

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज टोक्यो में अपने जापानी समकक्ष शिगेरु इशिबा के साथ 15वें भारत-जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लिया। शिखर सम्मेलन के दौरान, दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों के संपूर्ण आयाम की समीक्षा की और विशेष रणनीतिक एवं वैश्विक साझेदारी के अगले चरण को आगे बढ़ाने के उपायों पर चर्चा की। संयुक्त प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज की उनकी चर्चाएँ सार्थक और उद्देश्यपूर्ण रहीं। उन्होंने कहा कि वे इस बात पर सहमत हुए कि भारत-जापान साझेदारी विश्व शांति और स्थिरता के लिए आवश्यक है। श्री मोदी ने बताया कि अगले दशक के लिए एक रोडमैप तैयार किया गया है।

**Byte PM**

0000000000000000000000

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज गुवाहाटी में राजभवन के नवनिर्मित ब्रह्मपुत्र विंग का उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने गोलाघाट में राष्ट्रीय साइबर फोरेंसिक प्रयोगशाला का ई-उद्घाटन और सशस्त्र बलों के लिए विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया। गृह मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार देश में आपराधिक न्याय प्रणाली में फोरेंसिक साक्ष्य-आधारित दृष्टिकोण को प्राथमिकता दे रही है।

0000000000000000000000

राज्यपाल, लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक ने आज राजभवन, ईटानगर में दिरांग स्थित, राष्ट्रीय पर्वतारोहण एवं साहसिक खेल संस्थान (निमास) के 1900 फील्ड रेजिमेंट, डोगरा रेजिमेंट की दूसरी बटालियन, जम्मू-कश्मीर लाइट इन्फैंट्री की 16वीं बटालियन, 4 कोर सिग्नल रेजिमेंट, 305 फील्ड अस्पताल और 667 आर्मी एविएशन स्क्वाड्रन को राज्यपाल के प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। निमास और सेना इकाइयों को उनकी उत्कृष्ट व्यावसायिकता, तीक्ष्ण परिचालन सूझबूझ और अदम्य साहस के साथ-साथ जिला प्रशासन और राज्य के लोगों के साथ विश्वास एवं तालमेल बनाए रखने के लिए ये प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

0000000000000000000000

आज राज्य विधानसभा कन्वेंशन हॉल में, मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने 411 खिलाड़ियों को 2 करोड़ से अधिक की नकद प्रोत्साहन राशि वितरित की, जिनमें पैरा-एथलीट भी शामिल हैं, जिन्होंने राज्य, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अरुणाचल को गौरवान्वित किया है। राज्य सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में राज्य में खेलों को बढ़ावा देने और युवाओं को सशक्त बनाने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत 940 एथलीट्स को ₹7.1 करोड़ की सहायता प्रदान की है।

इस अवसर पर चीफ़ मिनिस्टर्स एथलीट कोचिंग एण्ड एमपावरमेंट स्कीम का भी शुभारंभ किया गया जिसे पहले मुख्यमंत्री मेरिटॉरियस स्पोर्ट्सपर्सन स्कॉलर्शीप के नाम से जाना जाता था।

0000000000000000000000

राज्य सरकार के खेल एवं युवा मामलों के विभाग द्वारा आज द विज़र्ड ऑफ़ होकी के नाम मशहूर मेजर ध्यानचंद, की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया। राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने भाग लिया। उन्होंने मेजर ध्यानचंद को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मेजर ध्यानचंद को एथलीटों की पीढ़ियों के लिए प्रेरणा और भारत के खेल गौरव का सच्चा निर्माता बताया।

0000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने आज ईटानगर में अरुणाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग के नए कार्यालय भवन का उद्घाटन किया। नए अत्याधुनिक बुनियादी ढाँचे के लिए आयोग को बधाई देते हुए, उन्होंने डिज़ाइन और कार्य की गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त किया।

0000000000000000000000

ईस्ट सियांग जिले पासिघाट स्थित आउटडोर स्टेडियम में के आज राष्ट्रीय खेल दिवस 2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ईस्ट सियांग उपायुक्त, सोनालिका जिवानी सहित अन्य गण्मान्य लोगों ने भी भाग लिया।

0000000000000000000000

खेल विभाग तवांग द्वारा तवांग जिला तीरंदाजी संघ एवं साइक्लिंग संघ के सहयोग से तवांग स्थित ग्याल्वा सांगयांग ग्यात्सो हाई एल्टीट्यूड स्पोर्ट्स स्टेडियम मैं आज से तीन दिवसीय राष्ट्रीय खेल दिवस समारोह का आयोजन शुरू हुआ। जिसका उद्घाटन तवांग उपायुक्त, नामग्याल अंगमो ने किया। अपने संबोधन में, उन्होंने विभिन्न खेल गतिविधियों के माध्यम से युवाओं को जोड़ने के लिए स्थानीय खेल संगठनों के निरंतर प्रयासों की सराहना की। उन्होंने युवाओं को खेलों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया और इस बात पर ज़ोर दिया कि कैसे ऐसे अनुभव अनुशासन, टीम वर्क और चरित्र निर्माण में मदद करते हैं।

0000000000000000000000

आदी बाने आने केबांग, ईस्ट सियांग जिला इकाई के सदस्यों ने जिला प्रशासन द्वारा शुरू किए गए निरंतर पुस्तक दान अभियान के तहत, कल पासीघाट के डीडीएसई को ज़रूरतमंद और गरीब छात्रों के लिए 513 किताबें प्रादान कीं।

उन्होंने जिले के कुछ ऐसे स्कूलों का भी चयन किया जहाँ पाठ्य पुस्तकों की कमी है और जो छात्र इन्हें ख़रीद नहीं कर सकते है। यह योगदान ईस्ट सियांग जिला इकाई, आदी बाने आने केबांग का पूर्णतः स्वैच्छिक कार्य है।

0000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के 3 जिलों पापुम पारे, वेस्ट सियांग और नामसाई के लिए ऑरेंज और अन्य 17 जिलों के लिए अगले 24 घंटों में ग़रज के साथ बहुत तेज बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

0000000000000000000000